मैया मेरी बेटी को ऐसा परिवार मिले

मैया मेरी बेटी को ऐसा घर बार मिले,
जहां सेवा हो तेरी ऐसा परिवार मिले.....

छोटा सा मंदिर हो उस घर में मां तेरा,
उस घर का हर प्राणी सब चाहो नाम तेरा,
ससुराल में भी उसको बेटी का प्यार मिले,
मैया मेरी बेटी को ऐसा घर बार मिले....

बरसों की यादों को पल भर में भुलाएगी,
जब डोली बेटी की मेरे घर से जाएगी,
रोते हुए जाएगी हंसता परिवार मिले,
मैया मेरी बेटी को ऐसा घर बार मिले....

जब गठबंधन होगा तुम्हें आना ही होगा,
अपनी लाडो बिटिया पर प्यार लुटाना ही होगा,
तेरे भक्तों को मैया इतना अधिकार मिले,
मैया मेरी बेटी को ऐसा घर बार मिले....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/30336/title/mayia-meri-beti-ko-aisa-pariwar-mile

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |